अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल ने माना विचारपुर का लोहा

### 'मिनी ब्राज़ील' में जर्मन कोच का हुआ आगमन

# विचारपुर की प्रतिभा ने फिर जीता दुनिया का दिल










शहडोल।





फुटबॉल के प्रति अपने अनोखे जुनून और परंपरा के कारण 'मिनी ब्राज़ील' के नाम से देशभर में पहचान बना चुका ग्राम विचारपुर रविवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय आकर्षण का केंद्र बन गया। जर्मनी के सुप्रसिद्ध फुटबॉल क्लब के अनुभवी और ख्यातिप्राप्त कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ, विशेषज्ञ कौशिक मौलिक और मैन्युअल स्केफर यहां पहुंचे तो पूरा गांव मानो उत्सव में डूब गया। जिस विचारपुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार राष्ट्रीय मंच पर 'मिनी ब्राजील' कह चुके हैं, उसी मिट्टी पर विदेशी प्रशिक्षकों के कदम पडऩा स्थानीय खिलाडिय़ों के लिए ऐतिहासिक क्षण बन गया।

### जर्मन कोच ने की खुलकर तारीफ

विचारपुर पहुंचते ही कोच बीयर्सडॉर्फ ने यहां के खिलाडिय़ों से संवाद किया और उनके खेल कौशल को बारीकी से परखा। कोच ने कहा कि विचारपुर को 'मिनी ब्राज़ील' कहा जाना संयोग नहीं, बल्कि यह उपमा सचमुच अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि यहां के खिलाड़ी फुटबॉल को केवल खेल नहीं, बल्कि भावना और समर्पण की तरह जीते हैं। उन्होंने कहा दुनिया में बहुत कम स्थान ऐसे हैं, जहां फुटबॉल के प्रति इतना स्वाभाविक, निःस्वार्थ प्रेम देखने को मिलता है। विचारपुर की प्रतिभा और जुनून चार पीढिय़ों से लगातार आगे बढ़ रहा है, और यही इस गांव की सबसे बड़ी ताकत है। कोच ने यह भी याद किया कि विचारपुर के कई खिलाड़ी जर्मनी में प्रशिक्षण के दौरान उनके अतिथि रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे खिलाड़ी जर्मनी में भी अपनी सरलता, अनुशासन और खेल भावना से सबका दिल जीत चुके हैं।

### भारतीय परंपरा से हुआ भव्य स्वागत

विचारपुर के मैदान में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। नन्हे-मुन्ने खिलाडिय़ों ने हाथ जोडक़र पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, स्थानीय कोचों और वरिष्ठ खेल व्यक्तित्वों ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर विदेशी मेहमानों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सहायक संचालक खेल रईस अहमद, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अजय सोंधिया, राजीव श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोच अनिल सिंह, लक्ष्मी सहीश, सीताराम सहीश, नीलेंद्र कुंडे, रहीम खान, जसराम साहू, रजनी सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और कोच मौजूद थे।

### फिटनेस और खेल कौशल की हुई जांच

कोच बीयर्सडॉर्फ ने विचारपुर के प्रसिद्ध फुटबॉल मैदान पर खिलाडिय़ों की खेल तकनीक का करीब से परीक्षण किया। उन्होंने पासिंग, बॉल कंट्रोल, स्पीड, गेम सेंस और टीम कोऑर्डिनेशन पर विशेष ध्यान दिया। कई खिलाडिय़ों के साथ व्यक्तिगत बातचीत कर उन्होंने उनकी कमजोरियों और खूबियों पर मार्गदर्शन दिया। कोच ने साफ कहा विचारपुर के बच्चों में जन्मजात प्रतिभा दिखाई देती है। यदि इन खिलाडिय़ों को नियमित अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण मिले, तो ये देश के साथ विदेश में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

### जर्मनी में प्रशिक्षण ले चुके खिलाडिय़ों से भी की मुलाकात

पिछले महीने जर्मनी में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे विचारपुर के पांच खिलाडिय़ों वीरेंद्र बैगा, लक्ष्मी सहीश, सानिया कुंडे, प्रीतम कुमार, मनीष घसिया ने भी कोच से मुलाकात की। कोच ने उनकी प्रगति देखकर प्रसन्नता जताई और कहा कि इन खिलाडिय़ों ने वहां भारतीय प्रतिभा की उत्कृष्ट छाप छोड़ी है। कोच ने अभिभावकों से मुलाकात के दौरान कहा कि उनका सहयोग और विश्वास इन खिलाडिय़ों की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने ग्रामीण परिवारों द्वारा बच्चों को विदेश भेजने के साहस को विशेष रूप से सराहा।

### कलेक्टर ने किया आत्मीय स्वागत

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने भी जर्मन कोचों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कलेक्टर ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में गौतम बुद्ध की प्रतिमा, शाल और फुटबॉल भेंट कर सम्मानित किया। जवाब में कोच बीयर्सडॉर्फ ने भी अपनी पारंपरिक शैली में कलेक्टर व वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी सुरेश कुंडे का सम्मान किया और भारतीय अतिथि सत्कार की सराहना की।

### खेल सुविधाओं का निरीक्षण

कार्यक्रम के दौरान कोच ने विचारपुर की खेल सुविधाओं, मैदान की गुणवत्ता और वर्तमान प्रशिक्षण प्रणाली का अध्ययन किया। उनका कहना था कि विचारपुर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल वैज्ञानिक फिटनेस, आधुनिक ट्रेनिंग और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की है। उन्होंने संकेत दिए कि आगे और अधिक बच्चों को जर्मनी में प्रशिक्षण देने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। स्थानीय कोचों की ओर से बताया गया कि विचारपुर में अब उन्नत प्रशिक्षण शिविर, फिटनेस कैंप और एक आधुनिक मॉडल फुटबॉल सेंटर विकसित करने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा।

### विचारपुर बनेगा स्पोर्ट्स डेवलपमेंट का राष्ट्रीय मॉडलः जर्मन कोच

पत्रकार वार्ता में कोच बीयर्सडॉर्फ ने कहा भारत में फुटबॉल की नई ऊर्जा उभर रही है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा आश्चर्यजनक है। विचारपुर देश के लिए स्पोर्ट्स डेवलपमेंट का उत्कृष्ट मॉडल बन सकता है। मैं वादा करता हूँ कि आगे भी विचारपुर के खिलाडिय़ों को मार्गदर्शन देने के लिए उपलब्ध रहूंगा।

### प्रधानमंत्री द्वारा मिली पहचान ने खोले अंतरराष्ट्रीय द्वार



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' सहित कई प्रमुख मंचों पर विचारपुर की फुटबॉल टीम का उदाहरण देते हुए उसे 'मिनी ब्राजील' कहा था। इसी पहचान के बाद जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब ने विचारपुर के खिलाडिय़ों व कोचों को 4 से 12 अक्टूबर 2025 तक प्रशिक्षण का अवसर दिया। आज वही पहचान गांव को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दुनिया से जोडऩे लगी है।

### संस्कृति बनकर पीढिय़ों में बहती है फुटबॉल

विचारपुर के लोग फुटबॉल को केवल खेल नहीं मानते, बल्कि इसे परंपरा की तरह जीते हैं। सुबह से शाम तक मैदान में गूंजती बच्चों की आवाज, हर घर में मौजूद फुटबॉल, और परिवारों का अटूट समर्थन इस गांव को अद्वितीय बनाता है। जर्मन कोच का आगमन इस बात का संकेत है कि विचारपुर अब केवल शहडोल की पहचान नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्कृति की एक मजबूत कड़ी बन रहा है। विचारपुर में जर्मन कोच का यह दौरा फुटबॉल प्रेमियों के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है। गांव की मिट्टी से उठ रही प्रतिभा अब दुनिया को चुनौती देने को तैयार है।

## कुलपति के निर्णय पर सवालः अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में वरिष्ठता क्रम की अनदेखी

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय एक बार फिर अपने प्रशासनिक निर्णयों को लेकर चर्चा के केंद्र में है। आगामी 25 और 26 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले 'जम्मू-कश्मीर निरंतरता और परिवर्तन' विषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की आयोजन समिति के गठन को लेकर विश्वविद्यालय के भीतर असंतोष और चर्चाओं का माहौल है। निर्णय की प्रक्रिया में वरिष्ठता क्रम के पालन न होने को लेकर कई शिक्षकों ने आश्चर्य जताया है।

सूत्रों के अनुसार, इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के लिए राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूर्णिमा शर्मा को मुख्य समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं इसी विभाग की विभागाध्यक्ष और पद में वरिष्ठ डॉ. चेतना सिंह को सह-समन्वयककी भूमिका सौंपी गई है। विश्वविद्यालय के अकादमिक माहौल में इस निर्णय को लेकर व्यापक चर्चाएँ हो रही हैं और यह सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब विभागाध्यक्ष उपलब्ध हैं और प्रशासनिक रूप से वरिष्ठ भी, तब उन्हें द्वितीय भूमिका में क्यों रखा गया। कई शिक्षकों का कहना है कि विभागाध्यक्ष का पद न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है, बल्कि ऐसे बड़े शैक्षणिक आयोजनों में विभाग के मुखिया की भूमिका प्रमुख मानी जाती है। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ प्राध्यापक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में आमतौर पर विभागाध्यक्ष को मुख्य समन्वयक की जिम्मेदारी दी जाती है। इस मामले में वरिष्ठता से अलग निर्णय लिये जाने को लेकर शिक्षकों में चर्चा है और इसे एक असामान्य कदम के रूप में देखा जा रहा है। अकादमिक हलकों में




यह भी चर्चा है कि ऐसे फैसले न केवल वरिष्ठता क्रम पर प्रश्न उठाते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय के भीतर कार्य-संस्कृति और समन्वय पर भी प्रभाव डालते हैं। शिक्षकों का कहना है कि विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में पारदर्शिता और वरिष्ठता का सम्मान संस्थागत मजबूती की आधारशिला होता है, और इससे अलग होने वाले फैसले स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन है, जिसके माध्यम से देश और विदेश के विद्वानों को जोडने का अवसर मिलता है। ऐसे में आयोजन समिति के गठन को लेकर हुई चर्चा ने इस कार्यक्रम को शुरुआती चरण में ही सुर्खियों में ला दिया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन या कुलगुरु का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका है। शिक्षकों का कहना है कि यदि वरिष्ठता क्रम से हटकर कोई निर्णय लिया गया है, तो इसके पीछे की प्रशासनिक मंशा और तर्क को स्पष्ट किया जाना आवश्यक है, ताकि भ्रम और विवाद की स्थिति समाप्त हो सके।

### पाली में छात्रों को मिली साइबर सुरक्षा की पाठशाला

## पुलिस ने दिया जागरूकता का संदेश, बच्चों ने सीखे ऑनलाइन सुरक्षा के गुर

**उमरिया।** जिले के विकास खण्ड बिरसिंहपुर पाली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनौदा में पाली एसडीओपी एस.सी. बोहित एवं पाली नगर निरीक्षक राजेशचंद्र मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव और डिजिटल सुरक्षा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अधिकारियों से अनेक जिज्ञासु प्रश्न पूछे, जिनका विस्तृत उत्तर दिया गया।



एसडीओपी श्री बोहित ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा सबसे पहले हमें पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और जीवन में एक लक्ष्य बनाकर उसकी प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए। जब हम बड़े होकर अच्छे पदों पर पहुँचते हैं, तब न सिर्फ देश और समाज का नाम रोशन होता है, बल्कि अपने गाँव, अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का भी गौरव बढ़ाते हैं। इसलिए दृढ़ निश्चय, अनुशासन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें।

इसके बाद नगर निरीक्षक राजेशचंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया सुरक्षा, अज्ञात कॉल व मैसेज के खतरों सहित साइबर अपराधों से कैसे बचें, इस विषय में व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट वरदान है, लेकिन सावधानी और समझदारी से उपयोग करना आवश्यक है। संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

कार्यक्रम के दौरान प्रचार प्रभारी मैथिलीशरण पांडे, जन शिक्षक बीरेन्द्र गर्ग, आईटी शिक्षक संजय गौतम, एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अत्यंत सहायक हैं और आगे भी समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे।

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की तथा पत्रों का जवाब समय-सीमा में देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आपने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की मानीटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा उन शिकायतों के निराकरण के जवाब संबंधित एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेन्डेड नहीं रहे। आपने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। शिकायतों का निराकरण निम्नगुणवत्ता के साथ नहीं किया जाए।

कलेक्टर नें निर्देश दिए कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें कम संख्या में हैं, उन विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रगति वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिया एक्का, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीनों विधानसभा के 51 बीएलओ ने हासिल किया 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन

### एसआईआर अभियान में बड़ी उपलब्धि

**शहडोल।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत (एसआईआर) के कार्य में अब तक जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी, जयसिंहनगर एवं जैतपुर के 51 बीएलओ द्वारा 100 प्रतिशत मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजीटलाईजेशन का कार्य किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आज एस.आई.आर. के तहत 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य को 100 प्रतिशत करने वाले 27 बीएलओ को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सराहनीय कार्य के लिए बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं उसे अद्यतन करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री संजय खरे ने भी



उक्त बीएलओ को मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजिटलाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एस.आई.आर. के तहत 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य करने वाले बीएलओ में विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी से श्रीमती सुधा जायसवाल, रघुवंश प्रसाद मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, फूलमती पनिका, सौम्या पाण्डेय, रजनीश कुमार, नरेन्द्र, कुमार बैस, ऋशिदमन खैरवार, रामभजन बैगा, लवकेश कुमार, चन्दा देवी पाण्डेय, राजेश मिश्रा के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र जयसिंहन नगर से माया यादव, राजेन्द्र पाण्डेय, मलेलाल बैगा, कन्हैयालाल बैगा एवं विधानसभा क्षेत्र जैतपुर से इन्द्रपाल सिंह, बाबूलाल वर्मन, जानकी शुक्ला, हीरावती साहू, लल्लू सिंह, गणेश सिंह, रामखेलावन सिंह, अम्बिका पटेल, गंगादास टांडिया, सर्वेश चन्द्र शर्मा, रामकरण प्रजापति के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 2026 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहडोल जिले में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियो द्वारा मतदाताओ से प्राप्त गणना पत्रक के डाटा को बीएलओ ऐप में डिजिटलाइजेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## 35 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण सम्पन्न

**शहडोल।** सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) शहडोल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आयोजित 35 दिवसीय आवासीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में 34 महिला प्रतिभागियों ने सिलाई तथा डिजाइनिंग के विभिन्न कौशल सीखे।



प्रशिक्षण के दौरान मशीन के पाट्र्स की जानकारी, ब्लाउज, पेटीकोट, कुर्ती फ्रॉक, अंब्रेला फ्रॉक, पटियाला सलवार, पंजाबी सलवार, हाफ शर्ट तथा पैंट जैसे परिधानों की सिलाई एवं डिजाइनिंग का प्रशिक्षण डीएसटी गीता मवासी द्वारा दिया गया। वहीं उद्यमिता विकास, व्यवसाय प्रबंधन, लागत निर्धारण एवं बाजार व्यवहार की जानकारी वरिष्ठ संकाय दुर्गेश कुमार गुप्ता ने प्रदान की। समारोह में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करें। जो विभाग प्रमुख डी ग्रेड की श्रेणी में है वे सभी विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने आईगॉट में समस्त कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन कराने, सामाजिक न्याय विभाग को ई केवायसी के कार्य में प्रगति लाने, जल जीवन मिशन को समूह नल जल योजना का कार्य समय सीमा मे पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया सहित अन्यर जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण



**उमरिया।** रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मानपुर हरनीत कौर कलसी ने गत दिवस मानपुर विधानसभा क्षेत्र 90 के मतदान केंद्र क्रमांक 18 डोंगरीटोला तथा मतदान केंद्र क्रमांक 11 इंदवार मे बीएलओ व्दांरा किए जा रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि एसआईआर का कार्य समय सीमा करते हुए कार्य में प्रगति लाएं। इस दौरान अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़, आरोपी ने मोबाइल भी तोड़ा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत कॉलेज में पढ़ने वाली 21 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी के द्वारा घटना की जानकारी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल भी तोड़ दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74, 75 (एक),115 (ए) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। बताया जा रहा है कि छात्रा रेलवे स्टेशन कोतमा से उतरकर अपने गांव जाने के लिए बस स्टैंड पहुंची थी जहां पर आरोपी के द्वारा गलत इरादे से हाथ पकड़ कर अश्लील हरकत की गई जिसका विरोध करने पर मोबाइल तोड़ते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

## धनपुरी में आवारा गौवंश पर विशेष कार्रवाई, वसूला जुर्माना

**शहडोल।** जिले की धनपुरी नगरपालिका क्षेत्र में बढ़ते आवारा गौवंश को नियंत्रण में लाने के लिए शनिवार और रविवार को नगरपालिका प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। सीएमओ पूजा बुनकर के निर्देशन में नगर की राजस्व एवं स्वच्छता शाखा की टीमों ने शहर भर में हांका लगाकर सडक़ों पर घूम रहे मवेशियों को पकडक़र कांजी हाउस में रखा। नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए मवेशियों को उनके मालिकों से 500 रुपए जुर्माना वसूलने के बाद ही छोड़ा गया। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम नगर की सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक था, क्योंकि आवारा पशुओं के कारण सडक़ दुर्घटनाएं और जाम जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही थीं। हालांकि अभियान के दौरान पक्षपात के आरोप भी सामने आए। कुछ नागरिकों ने शिकायत की कि प्रभावशाली लोगों के मवेशी बिना जुर्माना वसूले ही वापस कर दिए गए, जबकि आम जनता से पूरा शुल्क वसूला गया। इस कथित भेदभाव को लेकर मौके पर हल्का विवाद भी हुआ।

# राजा हीराखान पर अधारित नृत्य नाटिका की दी गई प्रस्तुति







**उमरिया।** जिला मुख्यालय उमरिया के शासकीय कॉलरी स्कूल ग्राउण्ड में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जननायक गोण्ड सभ्यता के महानायको पर आधारित प्रस्तुतियों मे दूसरे दिन राजा हीराखान सिंह पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का निर्देशन नवीन सिंह, संगीत कुलदीप सार्वा ने किया। नृत्य नाटिका के माध्यम से बताया गया कि राजा हीराखान सिंह अपने बल और पराक्रम से सभी बड़े योद्धाओं को परास्त किया। इनका वंश वृक्ष कुछ इस तरह का है- इजई के पुत्र हैं विजयी, उनके पुत्र हैं। ठाकुर देव, इनके पुत्र हैं श्रीदेव, श्रीदेव के पुत्र हैं पालोगढ़ लिंगों, इनके पुत्र हैं कारीकामा तथा इन्हीं कारीकामा के पुत्र हैं महान प्रतापी राजा हीराखान सिंह कारीकामा। एक दिन इनके पिता राजा कारीकामा, नेताम राजा तपेसिरिया के यहाँ सिंघोलागढ़ गये थे। कहते हैं कि वहीं उनका राजा तपेसिरिया से किसी बात पर विवाद हो गया।

एक दिन कारीकामा अपनी तलवार सभी तथा रखकर वस्त्र उतार कर मैदान में नित्यकर्म के लिए गये ही थे कि राजा तपेसिरिया के सैनिक ने राजा का सिर काट दिया। कटे हुए सिर को राजा तपेसिरिया ने अपने महल के दरवाजे पर टांग दिया। राजा कारीकामा का घोड़ा जिसका नाम गिद्ध बाय बहेड़ा राई रोझिन था, युड़साल में बँधा था। राजा की हत्या उसके आँखों के सामने ही हुई थी। घोड़ा सोचता है कि मैं अब खाली पीठ वापस कैसे जाऊँगा? किसी तरह अपना बन्धन तोड़ वह बाहर आ गया। देखता क्या है कि सामने ही राजा तपेसिरिया की पुत्री कम्मालहीरो सोने के पालने में झूल रही थीं। घोड़ा राजकुमारी को अपने ओंठो से उठाकर अपने राज्य की तरफ भाग निकला। इधर पूरे नगर में हाहाकार मच गया, पर जब तक लोग सोचते, तब तक घोड़ा उनकी पहुँच से दूर चला गया था। योड़ा आठ दिन नौ रात तक चलते-चलते कारीकामा के नगर पहुँच गया। उसी समय हीराखान सिंह का जन्म हो रहा है। घोड़ा अपने साथ लायी राजकुमारी को हीराखान सिंह की माँ के सामने रख देता है। फिर घोड़ा रानी धम्माल पैलो से सब घटना विस्तार से सुना देता है। रानी राजा की मृत्यु से अत्यंत आहत हैं, पर घोड़ा कहता है कि रानी मेरा सवार तो शहीद हो गया, पर अब इस कन्या का पालन-पोषण आप करना। इसका विवाह अपने पुत्र हीराखान सिंह से करके ही राजा की हत्या का बदला पूरा होगा। रानी अपना दुःख भूलकर इन दोनों के विवाह की तैयारी करती हैं। दूर-दूर से सभी राजाओं, जींदारों को आमंत्रित किया जाता है। पूरे राज्य के लोग इस विवाह में सम्मिलित होते हैं, फिर बड़ी धूम-धाम से हीराखान सिंह तथा कन्या कम्मालहीरो की शादी हो जाती है। पर बचपन की शादी भी कैसी? एक ही माँ से दोनों दूध पीते थे। एक ही माँ से प्यार पाते थे। विवाह का अर्थ नहीं जानते हैं। धीरे-धीरे दोनों जवान होते हैं। वे यह भूल ही चुके हैं कि उनकी बचपन में शादी हुई थी। दोनों एक दूसरे से भाई-बहन सरीखा व्यवहार करते हैं। जब उनके संगी-साथियों की सगाई होती है या विवाह होता है तो वे सोचते हैं कि जवान तो वे भी हो गये हैं, पर उनकी शादी की बात क्यों नहीं हो रही है? रानी कम्मालहीरो सोचती हैं कि उसकी सभी सहेलियों की शादी हो रही है, सब अपना घर छोड़ ससुराल जा रही हैं, तरह-तरह से सज-सँवर रही हैं। कुछ के तो बच्चे भी हो गये हैं। मेरी शादी न जाने कब होगी? क्या मैं जीवन भर झूला ही झूलती रहूँगी? कुछ इसी तरह की सोच में रानी पड़ी थी कि बोडऱाहिन उसके पास आई और पूछा कि रानी तुम किस बात की चिंता कर रही हो? तुमको कौन सी तकलीफ है? अपने मन की बात हमें बतलाओ। तब रानी ने कहा- बोड्राहिन, हमारी सभी सरवी-सहेलियों की शादी हो गयी है, वे अपनी-अपनी ससुराल चली गयी हैं। सास-ससुर के घर में रहने लगी हैं। उनके एक-एक, दो-दो बच्चे भी हो गये हैं और एक हम हैं कि अभी तक झूला झूल रहे हैं। तब बोड्राहिल कहती है कि रानी आप भी नादान हैं। लड़कियों की शादी जीवन में एक ही बार होती है, बार-बार नहीं। तब रानी ने पूछा कि बोडऱाहिन हमारी शादी कब और किसके साथ हुयी है? हमको तो पता ही नहीं है; ऐसा सुनकर बोड्राहिन जोर-जोर से हँसने लगी। इस अवसर पर श्री आसुतोष अग्रवाल, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं उप संचालक सामाजिक न्याय अमन दुबे, जिला समन्वअयक जन अभियान परिषद रविन्द्रज शुक्लाब, जिला समन्वकयक एन आर एल एम चंद्रभान सिंह, धनुषधारी सिंह, दीपक छत्तुवानी उपस्थित रहे।

## सीईओ ने एसआई आर कार्य का किया अवलोकन





**उमरिया।** सीईओ जिला पंचायत ने गत दिवस बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र 89 के मतदान केंद्र क्रमांक 243, मतदान केंद्र क्रमांक 200 कौडिया, मतदान केंद्र क्रमांक 195 बुढान रामपुर, मतदान केंद्र क्रमांक 192 जरहा मे चल रहे एसआईआर कार्य का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान पाया गया कि मतदान केंद्र क्रमांक 243 में एसआईआर डिजिटाईजेशन का कार्य 50 प्रतिशत, मतदान केंद्र 200 कौडिया में 62 प्रतिशत, मतदान केंद्र क्रमांक 192 जरहा में 40 प्रतिशत एसआईआर डिजिटाईजेशन का कार्य किया गया है। जिस पर सीईओ जिला पंचायत ने कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। अवलोकन के समय मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा सहित संबंधित मतदान केंद्रो के बीएलओ उपस्थित रहे।

## दो वर्षीय बाघ शावक की रहस्यमय मौत



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दो वर्षीय बाघ शावक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने वन विभाग और पार्क प्रबंधन को गहरे संकट में डाल दिया है। यह शावक पिछले दो दिनों से वन कर्मियों की निगरानी में था, क्योंकि वह जंगल की सीमा छोडक़र ग्राम क्षेत्र की ओर बढऩे की कोशिश कर रहा था। वन टीम उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी, लेकिन शुक्रवार दोपहर अचानक उसकी मौत हो गई।घटना पतौर रेंज क्षेत्र की बताई गई है। पार्क प्रबंधन के अनुसार ग्राम कुशमाह के कृषि क्षेत्र में दो दिन पूर्व शावक की मौजूदगी की सूचना मिली थी। खतरे की आशंका को देखते हुए वन कर्मियों ने दूरी बनाए रखते हुए चौबीसों घंटे निगरानी शुरू कर दी थी, ताकि वह गांव की ओर न पहुँचे और ग्रामीणों की सुरक्षा भी बनी रहे। इसी निगरानी के दौरान शुक्रवार 21 नवंबर को शावक ने दम तोड़ दिया।वन अमले ने शनिवार को पोस्टमार्टम और शवदाह की कार्रवाई पूरी कर ली, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु का सटीक कारण सामने नहीं आया। इससे विभाग के अधिकारी और विशेषज्ञ उलझन में हैं।वन्यजीव विशेषज्ञों का अनुमान है कि शावक संभवतः संक्रमण या मौसम में अचानक आई सर्दी की वजह से कमजोर हुआ होगा। हालांकि विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि सामान्यतः बाघ प्राकृतिक परिवेश में खुद को मौसम के अनुरूप आसानी से ढाल लेते हैं। ऐसे में कम उम्र और स्वस्थ प्रतीत होने वाले इस शावक की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश में बाघ गणना की तैयारियाँ इस समय जोरों पर हैं और इसी बीच हुई इस घटना ने विभाग की चिंताएं बढ़ा दी हैं। वन अधिकारी अब विस्तृत जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि शावक की मौत की वास्तविक वजह का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम की जा सके। बांधवगढ़ में बाघ संरक्षण को लेकर यह घटना एक बार फिर सुरक्षा और स्वास्थ्य निगरानी तंत्र की गंभीर चुनौती को उजागर करती है।

### इनका कहना है...

शावक के शव का पोस्टमार्टम वन्यजीव विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में किया गया। शावक के सभी अंग सुरक्षित मिले हैं। पोस्टमार्टम में मृत्यु का संभावित कारण संक्रमण होने की आशंका व्यक्त की गई है। अभी वन्य जीव किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं। संक्रमण की पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है।

**अनुपम सहाय**
**फील्ड डायरेक्टर**
**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व**

## नालियों के खुले चैंबर दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में जगह-जगह नालियों के खुले चैंबर से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है लेकिन नगर पालिका इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रही है। नगर के मुख्य मार्ग ऑन के किनारे नालियों के चेंबर खुले हुए हैं नाली गंदगी से भरी पड़ी है। इसी तरह नगर के बनिया टोला से बाजार आने वाले मुख्य रास्ते में मस्जिद के पास जगह-जगह खुले चैंबर होने के कारण आसपास के लोगों सहित बच्चों को नाली में गिरने का खतरा बना रहता है कभी-कभी स्थित तो यह हो जाती है कि खुले चैंबर के कारण मूक जानवर नाली में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जबकि नगर पालिका के द्वारा खुले चैंबर की ढकाई के लिए ठेका भी स्लैब बनाने का दिया गया था लेकिन ठेकेदार के द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे नालियों के खुले चैंबर होने के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## वसूली वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस द्वारा अभियान चलाते हुए रात्रि काम्बिंग गश्त में 05 स्थाई. 02 गिरफ्तारी एवं 01 वसूली (कुल 9 वारण्टी) वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक मोती पर उर रहमान के निर्देशन मे कोतमा पुलिस द्वारा गुरूवार की रात्रि अभियान चलाते हुए रात्रि काम्बिंग गश्त की गई एवं पुलिस टीम द्वारा लम्बे समय से फरार चल रहे 05 स्थाई वारण्टी 02 गिरफ्तारी एवं 01 वसूली वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में सउनि सुखीनंद यादव, रामपाल पटेल, संजीव त्रिपाठी, सुरेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, अंशु कुमार, अभय त्रिपाठी, इस्तयाक खान की टीम द्वारा गुरुवार की रात्रि में धरपकड अभियान चलाया गया जिसमें स्थाई वारंटी मानसिंह पिता छोटेलाल सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ठोडहा, गोजे भरिया पिता चीकू भरिया निवसी लामाटोला, श्रीनिवास गुप्ता पिता रामसरोज गुप्ता निवासी ग्राम सारंगगढ़, स्वामीदीन बैगा पिता गोपाल बैगा निवासी दुल्हीबांध थाना कोतमा, द्रोपती उर्फ पप्पी यादव पति मुकेश यादव निवासी कलमुडी, गिरफ्तारी वारंटी अनिरूध्द ताम्रकार निवासी वार्ड क्र0 02 कोतमा, बाबूलाल उर्फ हनुमान पनिका पिता अर्जुन पनिका निवासी अमलाई एवं वसूली वारंटी रामनरेश यादव पिता छोटेलाल यादव निवासी बरगंवा थाना कोतमा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** बिरसा मुंडा की 150वी जन्म जयंती के उपलक्ष में शासकीय महाविद्यालय कोतमा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय एवं निजी स्कूलों के 580 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपने महापुरुषों के त्याग और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को लेकर प्रेरित करना और अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करना था। शनिवार को हुई प्रतियोगिता को लेकर छात्र छात्राओं में जमकर उत्साह देखा गया। कोतमा क्षेत्र के कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवा पीढ़ियां को अपने इतिहास और महापुरुषों की जीवनी जानने से संबंधित प्रश्न पत्र भी आयोजित किया गया। आयोजन के बारे मे विद्यार्थी परिषद ने बताया कि आगामी दिनों में रिजल्ट आने के बाद प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रथम स्थान आने पर स्मार्टफोन, दूसरे रेंजर साइकिल एवं तीसरे पर स्मार्ट वॉच प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का आतंक



### स्कूल मंदिर तक फैला नशेडियों का जमघट

**हरिभूमि न्यूज फुनगा।** फुनगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्यारी, देखल, कदमटोला, रक्रसा, कोलमी सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब की बिक्री बेधड़क जारी है। सुबह से देर रात तक नशेड़ियों का उपद्रव बना रहता है, जिससे स्थानीय नागरिकों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शराब माफिया धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम ठीहा बनाकर कारोबार कर रहे हैं। पयारी स्कूल के पास अवैध शराब बिक्री के कारण छात्राओं को रोजाना शर्मनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। असामाजिक तत्व स्कूल के सामने जमघट लगाकर गाली-गलौज और अभद्रता करते हैं, जिससे स्कूल का वातावरण प्रभावित हो रहा है।

### मंदिर परिसर तक दूषित माहौल

सिद्ध बाबा मंदिर के पास अवैध शराब के अड्डे खुलेआम चलते हैं। सुबह से शाम तक नशेड़ियों और आवारा तत्वों की भीड़ रहती है, जिससे मंदिर आने वाली महिलाएँ और भक्त असहज महसूस करते हैं। मंदिर परिसर के आसपास पड़ी खाली बोतलें और बदबू श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुँचा रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पूरे मामले की जानकारी पुलिस और आबकारी विभाग तक पहुँचने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इस ढिलाई के कारण अवैध शराब माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों और मंदिर में आने वाली महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक और आबकारी अधिकारी से तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर अवैध शराब बिक्री एवं असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।

## वर्षों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज जमुना/ बदरा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोतमा के मार्गदर्शन में भालूमाड़ा पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए माननीय जेएमएफसी न्यायालय कोतमा के प्रकरण क्रमांक 01/2019 धारा 138 एनआई एक्ट में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट का पालन किया। वारंटी संतोष मलिक, पिता राजू मलिक, उम्र 41 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 02 जमुना कालरी, थाना भालूमाड़ा, जो लंबे समय से फरार था, जिसको पुलिस ने 23 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## आईटीआई जैतहरी में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जरूरतमंदों को सहज और सरल तरीके से रक्त उपलब्ध कराने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर द्वारा जनमानस को जन जागरूकता का संदेश देते हुए अधिक से अधिक रक्तदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में शासकीय आई.टी.आई. जैतहरी में आज एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा-अनूपपुर के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 33 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।



खबर संक्षेप

## गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्ष पर प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन

**बिरसिंहपुर पाली।** 24 नवंबर 2025को अपराह्न 2:00 बजे से शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में गुरु तेग बहादुर की 350वां शहीदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने अपने उद्बोधन में मानवीय कल्याण, सामाजिक एकता और गुरु सेवा पर अपने विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन कर रहे डॉक्टर मंसूर अली ने बताया कि गुरु की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉक्टर शाहिद सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम में श्री अनुभव श्रीवास्तव डॉ नरेश शुक्ला, डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ रितु सेन,श्री बालेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## बोतल में पेट्रोल व डीजल दिया तो होगी सख्त कार्यवाही

**कटनी।** कोतवाली प्रभारी राखी पांडे ने शहर के तीन पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि गाड़ियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल या डीजल दिया गया तो सख्त कारवाई तय है। शहर के कुछ पेट्रोल पंपों में बोतलों में ईंधन देने की चर्चाएं सामने आती रही हैं, जो किसी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। इस संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में आज लेडी कोतवाल ने पंपों पर पहुंचकर कर्मचारियों को साफ कहा "नियमों का उल्लंघन करते पाए गए तो संबंधित व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।" उन्होंने पंप प्रबंधन को भी आगाह किया कि सुरक्षा मानकों का पालन हर हाल में सुनिश्चित करें। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी पंप पर बोतलों में ईंधन बेचे जाने की जानकारी मिलते ही तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि ऐसी जोखिमपूर्ण गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## 17 बीएलओ सुपरवाइजर व 61 बीएलओ को शोकाज नोटिस जारी

**कटनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में रूचि नहीं लेने और कमजोर प्रगति वाले 17 बीएलओ सुपरवाइजर और 61 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।एस डी एम प्रमोद चतुर्वेदी ने मतदान केन्द्र क्रमांक 61 से 80 के नोडल अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी पीएचई जितेन्द्र गुप्ता द्वारा प्रगति न्यून होने और फ़ोन नहीं उठाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनसे 24 नवंबर को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्रों में बीएलओ एप में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य 40 प्रतिशत से कम होने पर 17 बीएलओ सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ब्यौहारी में नकाबपोश लुटेरों का कहर

# तेंदुआढ़ रोड पर एक ही घंटे में दो लूट

### चाकू की नोक पर दंपत्ति को गिराकर बच्चों की फीस तक छीनी

**शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में नकाबपोश बाइकर्स लुटेरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। तेंदुआढ़.मार्ग पर शनिवार शाम हुई दो सनसनीखेज लूट की वारदातों ने इलाके में दहशत फैला दी है। जिस तरह बेखौफ बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में राहगीरों को निशाना बनाया, उसने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**



### चाकू अड़ाकर लूटे पैसे

खबर है कि गोदावल के रहने वाले राजकुमार पटेल अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बाइक से घर जा रहे थे। तेंदुआढ़ पहुंचते ही दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को तेज रफ्तार में ओवरटेक कर जोर से धक्का दे दिया। अचानक हुए हमले से दंपत्ति और उनका छोटा बच्चा सडक़ पर गिर पड़े। इससे पहले कि वे संभल पाते, बदमाशों ने चाकू गले पर अड़ा दिया और वह बैग छीन लिया, जिसमें बच्चों की स्कूल फीस समेत अन्य जरूरी रकम रखी हुई थी। पैसे लूटने के बाद दोनों आरोपी तेज रफ्तार में जंगल की ओर फरार हो गए।

### राहगीर को भी बनाया शिकार

दंपत्ति के साथ लूट कर भागे बदमाश कुछ ही दूरी आगे जाकर एक अन्य राहगीर को भी रोकते देखे गए। आरोपियों ने वहां भी इसी तरह चाकू दिखाकर उसकी जेब से नकद रकम लूट ली। लगातार दो लूट की घटनाओं ने तेंदुआढ़ मार्ग और आस-पास के गांवों में भय का माहौल खड़ा कर दिया है।

### थाने पहुंचकर लगाई गुहार

घटना से दहशतग्रस्त दंपत्ति ने तत्काल ब्यौहारी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश बाइकर्स के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में नाकाबंदी बढ़ाई गई है और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### बढ़ता अपराध और बेखौफ लुटेरे

स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से तेंदुआड़ मार्ग पर अपराधियों के हौसले खतरनाक रूप से बढ़े हैं। आए दिन होने वाली लूट, चोरी और राहगीरों से मारपीट की घटनाएं पुलिस की लापरवाही को उजागर करती हैं। लोगों का कहना है कि जब मुख्य सडक़ों पर आम नागरिक सुरक्षित नहीं, तो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति भगवान भरोसे ही चल रही है। जनता ने पुलिस प्रशासन से तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि नकाबपोश लुटेरों के आतंक पर जल्द लगाम लग सके और लोग फिर से सुरक्षित महसूस कर सकें।

### इनका कहना है...

लूट की घटना हुई है, जिसकी शिकायत पर से अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामलें की पड़ताल की जा रही, बहुत जल्द लुटेरे पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

**मोहन पड़वार**
**थाना प्रभारी**
**ब्यौहारी**

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर प्रभारी कलेक्टर सख्त

### कई अधिकारियों-कर्मचारियों को नोटिस

**उमरिया।** जिले में चल रहे विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने कठोर रुख अपनाते हुए कई अधिकारियों व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित करने, प्राप्त करने और उसके बाद डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से किया जाना था।

इन कार्यों में सहयोग के लिए सभी पटवारियों, ग्राम रोजगार सहायकों, सचिवों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभारी कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान पाया कि कई नियुक्त कर्मचारी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अपेक्षित प्रगति दर्ज नहीं करा रहे थे और न ही निर्देशानुसार गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन की स्थिति से अवगत करा रहे थे। इस आधार पर प्रभारी कलेक्टर ने ग्राम रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव घुलघुली प्रेमलाल प्रजापति, तहसील करकेली के पटवारी पुनीत कुमार प्रजापति, प्रयोगशाला सहायक एवं बीएलओ राम सिंह (मतदान केंद्र 188, धनवाही), आयुष अधिकारी एवं बीएलओ डॉ. कंचन मर्सकोले (मतदान केंद्र 185 से 194), प्राथमिक शिक्षक एवं बीएलओ जगन्नाथ सिंह मरावी (मतदान केंद्र 173, जुडवानी) तथा एपीसी, सर्वशिक्षा अभियान एवं बीएलओ सुपरवाइजर राकेश प्रसाद निगम (मतदान केंद्र 166 से 175) को कारण बताओ नोटिस थमाया है।

कलेक्टर अभय सिंह ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित कर्मचारी तत्काल अपने-अपने मतदान केंद्रों में गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं तथा इसकी रिपोर्ट बीएलओ व्हाट्सऐप समूह में लिखित रूप में भेजें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने, प्रगति न दिखाने या जिम्मेदारी से बचने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस कदम के बाद निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों में हडक़ंप मचा हुआ है।

# मध्य प्रदेश ताम्रकार समाज में संगठन विस्तार की रफ्तार तेज

### 31 मार्च 2026 तक नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का लक्ष्य

**शहडोल। हैहय वंशीय क्षत्रीय ताम्रकार (कसेरा) समाज मध्य प्रदेश ने संगठन विस्तार और नई नेतृत्व व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में सक्रिय कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ताम्रकार ने बताया कि आगामी चुनाव प्रक्रिया और सदस्यता अभियान को लेकर 14 अक्टूबर 2025 को रीवा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों कार्यकारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार (बुढ़ार) और धर्मेंद्र पैगवार (भोपाल) के साथ संगठन की वर्तमान स्थिति, लक्ष्य और रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 31 मार्च 2026 तक किसी भी परिस्थिति में समाज को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाना चाहिए। इसके लिए 31 दिसंबर 2025 तक प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। अध्यक्ष ताम्रकार ने स्पष्ट किया कि संगठन के विभिन्न पदों—अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और प्रदेश प्रतिनिधि—के लिए 1100 रुपये की सदस्यता अनिवार्य रहेगी। इसके साथ ही 11,000 रुपये की आजीवन सदस्यता और 31,000 रुपये की आजीवन संरक्षक सदस्यता के लिए समाजजनों को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि संगठन आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके।

अध्यक्ष ने जानकारी दी कि अब तक प्राप्त सभी सदस्यता राशि प्रदेश समिति के पास सुरक्षित है और किसी भी आयोजन या कार्यक्रम में इसका व्यय नहीं किया गया है। यह निधि समाज के दीर्घकालिक उद्देश्य भोपाल में प्रदेश स्तरीय कार्यालय अथवा धर्मशाला निर्माण के लिए संरक्षित रखी गई है। संगठन का मानना है कि यह संरचना समाज की एकता, गतिविधियों और सुविधा विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सदस्यता अभियान को प्रदेशभर में गति देने के उद्देश्य से दोनों कार्यकारी अध्यक्षों को उनके-अपने संभाग आवंटित किए गए हैं। इनके माध्यम से सभी जिलों और इकाइयों में सदस्यता प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाएगा। अध्यक्ष ताम्रकार ने समाजजनों से अपील की कि वे आगे आकर सदस्यता लें और संगठन को मजबूत बनाने में योगदान दें।

इसके साथ ही उन्होंने समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया कि भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जी की जयंती 28 अक्टूबर, मंगलवार को प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाई जाए। इस अवसर पर प्रत्येक गांव, कस्बे और शहर में प्रभात फेरी, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक पूजा-अर्चना आयोजित करने का आह्वान किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि यह पर्व समाज की एकता, संस्कृति और गौरव को उजागर करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

# थ्रेसर ने ली किसान की जान

### क्षण भर में क्षत-विक्षत हुआ शरीर, जांच में जुटी पुलिस

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के अंकुरी गांव में दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसने समूचे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। धान की गहाई के व्यस्त मौसम के बीच एक थ्रेसर मशीन ने एक मेहनती किसान की जान ले ली। यह भयावह घटना उस समय हुई जब किसान मशीन का परीक्षण कर रहे थे। मृतक की पहचान ग्राम अंकुरी निवासी मान सिंह गोंड के रूप में हुई है। उनकी आकस्मिक मौत ने न सिर्फ उनके परिवार को, बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में चारों ओर मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस भयानक मंजर को भुला नहीं पा रहा है।



### क्षत-विक्षत हो गया शरीर

खबर है कि किसान मान सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष धान की गहाई शुरू करने से पहले अपनी थ्रेसर मशीन को जांच रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मशीन चालू थी, और इसी दौरान उन्होंने मशीन के भीतर झांककर कुछ देखने की कोशिश की। यह चंद सेकेंड की चूक उन पर भारी पड़ गई। पलक झपकते ही उनका एक हाथ मशीन की चपेट में आ गया। हाथ फंसते ही, मशीन ने उन्हें पूरी शक्ति से अंदर खींच लिया। हादसा इतना वीभत्स और भयानक था कि मान सिंह का पूरा शरीर पलभर में मशीन के भीतर क्षत-विक्षत हो गया। खेत में मौजूद अन्य लोग इस खौफनाक दृश्य को देखकर दहशत में आ गए और तुरंत मशीन बंद करके पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोहपारू पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और पंचनामा बनाकर शव के अवशेषों को मशीन से निकालकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। गोहपारू थाना प्रभारी ने बताया कि मशीन की तकनीकी स्थिति और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### इनका कहना है...

पुलिस ने थ्रेसर मशीन को जब्त कर लिया है और मर्ग कायम करते हुए पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

**राजकुमार मिश्रा**
**थाना प्रभारी, गोहपारू**

# पायलट ड्रिंक कर चला रहे हैं जननी एक्सप्रेस

**शहडोल। जिले की निपानिया मैं जय अंबे इमरजेंसी कंपनी द्वारा दो गाड़ियां दी गई है जिसमें 108 एक गाड़ी एक जननी एक्सप्रेस दी गई है जननी एक्सप्रेस में पदस्थ पायलट प्रमोद द्विवेदी 4 साल से इसी लोकेशन पर जमा हुआ है समय-समय पर जिला प्रबंधक द्वारा सभी लोकेशन के पायलट एवं पीएमटी को इधर-उधर किया गया किंतु निपानिया लोकेशन के प्रमोद द्विवेदी अभी भी इस लोकेशन पर जमा हुआ है जो इस क्षेत्र मोटी रकम कमा रहा है।**

सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार जय अंबे इमरजेंसी कंपनी की जननी एक्सप्रेस जिसका लास्ट का गाड़ी नंबर 6075 है इस गाड़ी में पदस्थ किया गया है निपानिया क्षेत्र आदिवासी इनके पास स्वयं का साधन नहीं होने के कारण 108 का सहारा ले रहे हैं जननी में पदस्थ पायलट द्विवेदी द्वारा पूरे क्षेत्र में ड्रॉप हो चाहे पिकअप सभी लोगों से पैसे की डिमांड करता है और पैसा ना देने पर उनको गाड़ी की सुविधा नहीं देता है कहता है की गाड़ी हमारी है हमारा जैसे मन पड़ेगा वैसे चलाएंगे और तो और अभी वर्तमान में खरगोन जिले में जननी एक्सप्रेस से ही 52 पेटी अवैध शराब बरामद हुई थी और इस लोकेशन पर शराब की इतनी तादाद में बोतल ठीक करिए अनुमान लगाया जा सकता है कि इस लोकेशन में पायलट ड्रिंक करके गाड़ी चला रहे हैं जो किसी ना किसी को हानि पहुंचा सकते हैं यदि समय रहते जिला प्रबंधक एवं hr1 भोपाल ऐसे स्टाफ के ऊपर शक्ति नहीं दिखाएगा तो इस लोकेशन की



ही गाड़ियां थाने में नजर आएगी इन गाड़ियों में नाम मात्र को लिखा हुआ है निशुल्क गाड़ी के पायलट किसी न किसी बहाने से भोली भाली जनता की जेब में हाथ डालकर पैसा निकाल ही लेते हैं किसी से प्रेम से तो किसी को धमका कर क्षेत्र के निवास कर रहे लोग उम्मीद लगाकर 108 पर फोन लगाते हैं कि हमें शासन द्वारा फ्री में सुविधा दी गई है किंतु स्टाफ द्वारा पैसे मांग कर शासन एवं जनता के बीच विश्वास खत्म कर देते हैं चंद पैसे लेकर पायलट अपनी गम कम कर लेते हैं और बेचारा घड़ी परेशान रहता है बीमारी से फिर पायलट अपना पैसा निकाल ही लेता है भोली भाली जनता जिला प्रबंधक एवं सीएमएचओ साहब से यह मांग करती है कि ऐसे पायलटो के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए जो ड्रिंक करके गाड़ी चला रहे हैं और जल्द से जल्द इनका अल्कोहल टेस्ट कराया जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके अब देखना यह है कि जिला प्रशासन समय रहते ऐसे पायलटो के ऊपर एक्शन लेता है ले पता है या नहीं।

पारिवारिक विवाद बना खून-खराबे का कारण

# नशेड़ी पति से त्रस्त पत्नी ने बेटी के साथ मिल कर कर दी हत्या



**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के सिंघवाड़ा गांव में रविवार दोपहर हुए एक दिल दहला देने वाले मामले ने पूरे इलाके को हिला दिया। नशे की लत और घरेलू विवादों से तंग आकर एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही डायल-112 और नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। मृतक आए दिन शराब के नशे में विवाद करता था, जिससे घर में कलह बनी रहती थी। रविवार को भी पति और पत्नी के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर महिला रानी कोल और उसकी किशोरी बेटी ने मिलकर पति चिंतामणि कोल पर लाठी से हमला कर दिया। प्रहार इतना घातक था कि चिंतामणि ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की भनक लगते ही पड़ोसियों ने तत्परता से डायल-112 को सूचना दी। पुलिस टीम जल्दी ही घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही की। मौके पर मौजूद शुरुआती साक्ष्यों को भी सुरक्षित किया गया। पुलिस ने आरोपी महिला और उसकी नाबालिग बेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह और पति की शराबखोरी प्रमुख कारण के रूप में सामने आया है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का अंतिम कारण स्पष्ट होगा। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों ने इसे अत्यंत दुखद और चौंकाने वाली वारदात बताया है। लोग हैरान हैं कि घरेलू तनाव और नशे की समस्या किस तरह एक परिवार को ऐसी भयावह स्थिति तक पहुंचा सकती है।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने प्रण प्राण से जुटें कार्यकर्ता: सुमित गौतम



**बिरसिंहपुर पाली।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल पाली में आज एक आवश्यक बैठक आहूत कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। बैठक में मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए इस कार्यक्रम को चुनौती पूर्वक पूर्ण कराने के बारे में कहा गया। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल जी, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान जी तथा एस आई आर के जिला संयोजक सुमित गौतम जी की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल के भाजपा से संबंद्ध सभी बी एल ओ, नगर भाजपा के पार्षद गण एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी ने आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में एस आई आर के जिलाध्यक्ष सुमित गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है की इस कार्यक्रम को कार्यकर्ता संजीदगी से लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने बनाने प्रण प्राण से जुट जायें, एक भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाये। कार्यकर्ता अपने अपने बूथ में जाकर मतदाताओं से संपर्क बनाये, उनके दस्तावेज उपलब्ध कराने में मददगार बने, साथ ही बी एल ओ और अन्य अधिकारियों से संपर्क बनाकर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागी बने ।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा इस विषय पर भाजपा जिला अध्यक्ष जी से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान महामंत्री विमल अग्रवाल जी,पार्षद भरत प्रजापति जी,श्रीमती सविता सिंह जी, भाजपा नेता राजकुमार खरे जी,भीम सिंह जी,संतोष सिंह जी,कामता विश्वकर्मा जी,देवी सिंह जी,उदयनारायण सिंह जी,रामदयाल सिंह जी,कौशल यादव जी,राकेश पाण्डेय जी,सुरेश विश्वकर्मा जी,राजेश यादव जी एवं अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 355371 मतदाताओं के गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज्ड

# एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ पर काम का दबाव, घर-घर सत्यापन में आ रही जमीनी दिक्कतें

**जिले में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 दिसंबर जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे जिले में इस अभियान की जमीनी हकीकत सामने आने लगी है। कागजों में सुचारू दिख रही यह प्रक्रिया फील्ड में कई व्यवहारिक समस्याओं से जूझ रही है। घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का काम करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर से लेकर आम नागरिक तक इस प्रक्रिया को लेकर असमंजस और दबाव की स्थिति में नजर आ रहे हैं।**





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

पहाड़ी व दूर दराज के क्षेत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक बीएलओ पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। एक-एक बीएलओ को सैकड़ों घरों का सत्यापन करना है, जहां उन्हें फॉर्म भरने के साथ-साथ आधार, राशन कार्ड, बिजली बिल जैसे दस्तावेजों का मिलान भी करना पड़ रहा है। समय सीमा कम होने के कारण कई कर्मचारी देर रात तक फील्ड में काम करने को मजबूर हैं, जिससे काम की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले के ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी एक बड़ी समस्या बनकर सामने आई है। अमरकंटक, राजेन्द्रग्राम सहित दूर दराज में नेटवर्क की कमजोरी के चलते ऑनलाइन एंट्री और फोटो अपलोड का काम बार-बार बाधित हो रहा है। शहर की झुग्गी बस्तियों और पुराने मोहल्लों में सहित गांवों मे रहने वाले कई लोगों के पास पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। कई परिवारों में नाम की स्पेलिंग, जन्मतिथि या पते को लेकर आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्रों में भिन्नता पाई गई है। इससे बीएलओ और नागरिकों के बीच बहस की स्थिति भी कई जगह देखने को मिली है। नागरिकों का कहना है कि उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई कि कौन से दस्तावेज मान्य हैं और किस स्थिति में उनका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहेगा।

#### नाम कटने का डर और अफवाहों का असर

जिले में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सबसे बड़ी चिंता मतदाताओं के मन में नाम कटने का डर है। कई लोगों को यह भ्रम है कि यदि किसी कारणवश सत्यापन के दौरान गलती हो गई तो उनका नाम स्थायी रूप से वोटर लिस्ट से हट सकता है। इसी डर के चलते कुछ लोग बीएलओ को जानकारी देने से भी कतराने लगे हैं। सोशल मीडिया और मोहल्लों में फैली अफवाहों ने इस डर को और हवा दी है। ऐसे मे लोगों को यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि सत्यापन का उद्देश्य नाम काटना नहीं, बल्कि सूची को सही और पारदर्शी बनाना है।

#### राजनीतिक माहौल का भी दबाव

अनूपपुर में राजनीतिक रूप से एसआईआर प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है। विभिन्न दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। कहीं-कहीं बीएलओ पर परोक्ष दबाव डालने और शिकायतें दर्ज कराने की घटनाएं भी सामने आई है। जिस कारण प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार समीक्षा बैठकें कर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देने पड़ रहे हैं, जिससे अभियान की गति प्रभावित हो रही है। गरीब बस्तियों, घरेलू काम करने वाली महिलाओं और वृद्ध मतदाताओं के सामने सबसे ज्यादा समस्या आ रही है। कई विधवा महिलाओं के पास पहचान के पुराने दस्तावेज हैं, जिनमें पति का नाम या पता अब सही नहीं है। ऐसी स्थिति में बीएलओ स्वयं भी असमंजस में हैं कि किस आधार पर सत्यापन किया जाए। जिले भले ही प्रशासन रोजाना प्रगति की रिपोर्ट जारी कर रहा हो. लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई क्षेत्रों में अभी भी बड़ी संख्या में घरों का सत्यापन बाकी है। अगर यह प्रक्रिया तय समय सीमा में पूरी नहीं हो पाती है तो बाद में आपत्तियों और सुधारों का बोझ और बढ़ सकता है।

#### अब तक 355371 गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज्ड

जिला प्रशासन ने बताया कि जिले के 15 मतदान केन्द्रों के बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। अन्य बीएलओ गणना पत्रक संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने बताया कि अब तक जिले के 355371 मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त कर उसे डिजिटाइज कर दिया गया है। यह कुल लक्ष्य का 65.83 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र कोतमा में लक्ष्य का 64.20 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर में लक्ष्य का 60.64 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में लक्ष्य का 71.71 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र कोतमा में 98426, विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर में 110102 तथा विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में 146943 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

### अब तक चार बीएलओ हो चुके निलंबित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने 17 नवम्बर को सहायक शिक्षक, माध्यमिक विद्यालय खोलाड़ी नेमचंद धुलिया को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जैतहरी में नियत किया है। नेमचंद धुलिया पर आरोप है कि उनके द्वारा मतदान केन्द्र 158 खोलाड़ी में बतौर बीएलओ लगातार अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए व उनके द्वारा गणना पत्रक का वितरण नही किया गया वही 18 नवम्बर को मतदान केन्द्र क्रमांक 31 जमुड़ी की बीएलओ श्रीमती राजकुमारी सिंह को एसआईआर कार्य अंतर्गत गणना पत्रक का वितरण एवं डिजीटाईजेशन का दायित्व का पालन न करते हुये महत्वपूर्ण दस्तावेजों को फेंकने व कोई कार्य नहीं करने पर सस्पेंड किया गया तो 22 नवम्बर को सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला मोटो टोला शंकर सिंह पर मतदान केन्द्र 06 गिजरी में बतौर बीएलओ लगातार अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने एवं बीएलओ का संपूर्ण कार्य बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा करवाने पर निलंबन की गाज गिरी। इसी तरह 24 नवम्बर को प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय निदावन राम सिंह धुर्वे भी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर निलंबित कर दिये गये हैं।

## विधवा महिला की रोज़ी-रोटी पर नपा की कार्रवाई

**शिकायत वापस लेने दबाव, समाजसेवी ने उठाई आवाज**






**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक-1 में स्थित प्राचीन शिव मारुति मंदिर के निकट चाय का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाली विधवा विमला राठौर की रोज़ी-रोटी पर नपा की कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार नगर पालिका ने कुछ समय पहले उनका चाय ठेला हटा दिया, जिसके बाद असहाय महिला लगातार स्थानीय प्रतिनिधियों से अपनी वेदना बताती रही, परंतु किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। निराश होकर महिला ने डायल 181 में अपनी शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि जांच की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद में पदस्थ राजस्व निरीक्षक ने समस्या समाधान के बजाय पीड़ति महिला पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वह शिकायत वापस ले ले, अन्यथा गरीबी रेखा के अंतर्गत मिलने वाली योजनाओं से उसे वंचित कर दिया जाएगा। यह कार्रवाई न केवल अमानवीय है, बल्कि प्रशासनिक आचरण पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वार्ड की ही पार्षद एवं नगर पालिका अध्यक्ष, जो स्वयं महिला नेतृत्व की प्रतिनिधि हैं, इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें और महिला को उसी स्थान पर चाय ठेला लगाने की अनुमति दिलाएँ जहाँ वह पूर्व में अपना व्यवसाय करती थी। साथ ही पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर संबंधित राजस्व निरीक्षक पर वैधानिक कार्रवाई की मांग भी की गई है। समाजसेवी शेषनारायण राठौर ने सोशल मीडिया पर इस मामले को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री स्वयं को 'चाय वाला' बताते हैं, वहीं दूसरी ओर एक छोटे नगर में एक गरीब विधवा महिला की रोज़ी-रोटी छीन ली जा रही है यह प्रदेश की छवि पर भी प्रश्नचिह्न है। उन्होंने जिला कलेक्टर अनूपपुर से आग्रह किया है कि नगर पालिका द्वारा गरीबों के हक़ पर हो रहे कथित अत्याचार पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पीड़ति महिला को न्याय दिलाया जाए। यह मामला केवल एक महिला की आजीविका का नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही की परीक्षा भी है। स्थानीयजन शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

## पॉलीटेक्निक में आज तो आईटीआई में कल रक्तदान शिविर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते ने बताया है कि जिला चिकित्सालय अनूपपुर एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा-अनूपपुर के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में 25 नवम्बर को तथा शासकीय आई.टी.आई. अनूपपुर में 26 नवम्बर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शिविर में जिले के इच्छुक नागरिकों से रक्तदान करने की अपील की है।

### 6 साल में भी नहीं चल सका कलेक्ट्रेट का सोलर सिस्टम

# इनवर्टर और बैटरियां हो चुकी नष्ट, 34 लाख 48 हजार स्वाहा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट भवन की छत पर 34 लाख 48 हजार 700 रूपए की लागत से 50 किलोवाट क्षमता वाली सोलर पैनल 29 जून 2019 को स्थापित की गई थी। ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप फोटो वोल्टेइक पॉवर प्लांट परियोजना की क्रियान्वयन एजेन्सी म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड भोपाल द्वारा सावल इनेक्ट्रानिक्स हैदराबाद के माध्यम से लगवाई गई थी। 6 वर्ष पूर्व ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लगाए गए सोलर पैनल आज भी शुरू नहीं हो पाया हैं। जानकारी के अनुसार शुरुआती परीक्षण के बाद सिस्टम से ही नियमित रूप से संचालन में नहीं लाया गया। परिणामस्वरूप आज पैनलों पर धूल जम चुकी है, बैटरियां खराब हो चुकी हैं और इनवर्टर व प्लेटें टूटने लगी हैं। यह भी बात सामने आई कि जिस फर्म ने इस परियोजनना की स्थापना की थी उसे ब्लैकलिस्टेट कर दिया गया है, राशि का भुगतान नही हुआ है। टेस्टिंग के बाद परियोजना पूरी तरह बंद हो गई और 6 वर्षा तक किसी भी कलेक्टर ने इस ओर ध्यान नही दिया, जिसके कारण वर्तमान में सिस्टम पूरी तरह खराब होते जा रहा है, जबकि 5 वर्षा तक फ्री मेंटेनेंश रहता है और 25 वर्षा तक प्लेटो की वारंटी रहती है। सूत्र बताते हैं कि पैनलों से ऊर्जा उत्पादन न होने और लंबे समय तक सिस्टम बंद रहने के कारण बैटरियां डिस्चार्ज होकर मृतप्राय हो गई हैं। साथ ही, इनवर्टर की प्लेटें टूटने लगी हैं, जो दर्शाता है कि सिस्टम अब छोटे-मोटे सुधार से ठीक नहीं हो सकता। अन्य फर्म संचालकों के मुताबिक, इतने लंबे समय तक निष्क्रियता के बाद बैटरियों और इनवर्टर को पूरी तरह बदलना पड़ता है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि जानकारी लगते ही मैने म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड भोपाल से जानकारी मंगवाई है, अगर फर्म के माध्यम से होगा तो कार्य पुनरू ठीक करवायेंगे और नही है तो फिर उसे अलग से प्लान तैयार कर ठीक करवाते हुए परियोजना को शुरू करायेंगे।

### खेत तालाब निर्माण में अनूपपुर जिला श्रेष्ठ, भोपाल मे मिला सम्मान

# अनूपपुर जिला व पुष्पराजगढ़ जनपद को मिला प्रदेश स्तरीय प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत खेत तालाब निर्माण में प्रदेश में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिले एवं जनपद श्रेणी में अनूपपुर जिले तथा जिले की पुष्पराजगढ़ जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित कर उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि प्रदेश में चार या कम जनपद वाले जिलों में प्रथम तथा इसी तरह 70 या उससे कम ग्राम पंचायत वाली जनपद श्रेणी में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित होने पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पुरस्कार समारोह में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अनूपपुर जिला पंचायत के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा वर्तमान अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल तन्मय वशिष्ठ शर्मा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनूपपुर संभाग के कार्यपालन यंत्री अमर साय तथा प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित करने वाली जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पाण्डेय व सहायक यंत्री प्रवेश गौतम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है।

**कलेक्टर ने पूरी टीम को दी बधाई**

जल गंगा संवर्धन अभियान अवधि में जिलों द्वारा लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि के आधार पर जिलों की रैंकिंग नियमित रूप से ऑनलाइन डैशबोर्ड के माध्यम से 30 जून 2025 अभियान समापन के आधार पर पुरस्कारों का चयन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत खेत तालाब निर्माण में प्रदेश में श्रेष्ठ कार्य करने पर जिला अनूपपुर तथा जनपद पुष्पराजगढ़ को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भविष्य में भी ग्रामीण विकास की योजनाओं में टीम श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल करेगी।

# कोयलांचल में चोरी का बढ़ता आतंक

**पुलिस को ज्ञापन सौंप 15 दिन बाद क्रमिक अनशन की चेतावनी**

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** क्षेत्र में पिछले छह महीनों से चोरी की बढ़ती घटनाओं ने स्थानीय निवासियों और कर्मचारियों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। आवासीय कॉलोनियों से लेकर खदान परिसर और फिल्टर प्लांट तक लगातार हो रही वारदातों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

क्षेत्रवासी श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि राजेश शर्मा के घर हुई चोरी की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी गई थी, जिसमें आरोपी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे, फिर भी अब तक खुलासा नहीं हो सका। इसी तरह भालूमाड़ा टाउनशिप में नीतादास और शशि सोनी के घर लाखों की चोरी हुई, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। जमुना टाउनशिप में विद्या सिंह और हाल ही में कार्मिक अधिकारी सत्यप्रकाश के घर भी चोरी की घटनाएं घटीं। खदानों और वर्कशॉप फिल्टर प्लांटों में रोजाना चोरी की घटनाओं से कंपनी को लगातार आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। स्थिति से नाराज होकर संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोतमा को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में चोरी पर नियंत्रण और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की है। श्रीकांत शुक्ला ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो थाना भालूमाड़ा के सामने क्रमिक अनशन और बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने क्षेत्र के सभी कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस आंदोलन में सहयोग देकर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल करने में योगदान दें।

# भाजपा जिला कार्यालय में एसआईआर अभियान को लेकर बैठक संपन्न




### नवनियुक्त संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर के जिला कार्यालय में 24 नवंबर को एसआईआर अभियान की प्रगति और बूथ स्तर पर संगठन मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा शहडोल संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया रहे, जिनका कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उनके साथ बैठक में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रामलाल रौतेल, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने अभियान के क्रियान्वयन एवं उसके उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पार्टी की एकजुटता और मजबूत सांगठनिक संरचना पर बल दिया। कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष ने एसआईआर अभियान की जिम्मेदारी और जिले में उसकी प्रगति को रेखांकित किया। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। भाजपा के शहडोल संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया ने अभियान की समीक्षा करते हुए जिले के सभी कार्यकर्ताओं को टीम भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की एसआईआर अभियान का उद्देश्य जिले में मतदाता सूची के पारदर्शी पुनरीक्षण, मतदान में निष्पक्षता, एवं संगठन की जमीनी मजबूती को सुनिश्चित करना है। बैठक में बीएलए-1 व अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और सभी को अभियान की सफलता के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पार्टी कार्यकर्ता अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाकर संगठन की जड़ों को और मजबूत करेंगे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने जाना वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार त्रिपाठी का हाल संगठन मज़बूती पर बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी हरीश चौधरी ने अपने अनूपपुर प्रवास के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव पंडित प्रेम कुमार त्रिपाठी से उनके नगर स्थित निवास पर भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।** हरीश चौधरी का यह सौजन्य मुलाक़ात केवल कुशलक्षेम पूछने तक सीमित नहीं रही बल्कि जिले में कांग्रेस संगठन को नए सिरे से और अधिक मज़बूत बनाने को लेकर हुई महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा इसका मुख्य केंद्र रही। इस दौरान हरीश चौधरी ने त्रिपाठी जी से कांग्रेस की वर्तमान परिस्थितियों, संगठन की स्थानीय वास्तविकताओं तथा आगामी दिनों की रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम गुड्डू चौहान, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, कोतमा के पूर्व विधायक सुनील सराफ, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष राजन राठौड़ तथा वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद रियाज़ अहमद भी उपस्थित रहे। केंद्रीय प्रभारी हरीश चौधरी का स्वागत कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी एवं उनकी बहू वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद डॉ. प्रवीण आशीष त्रिपाठी ने तिलक लगाकर किया। त्रिपाठी परिवार ने हरीश चौधरी के संघर्षों एवं प्रयासों को सफल परिणति मिलने हेतु ईश्वर से प्रार्थना भी की। चर्चा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पंडित त्रिपाठी जी से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए जिले में संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। हरीश चौधरी ने भी त्रिपाठी जी से जिला कांग्रेस कमेटी को समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रदान करते रहने का अनुरोध किया। यह मुलाक़ात न केवल एक मानवीय संवेदना का प्रतीक बनी, बल्कि जिले में कांग्रेस संगठन के भविष्य को लेकर नई ऊर्जा, उत्साह और विश्वास का संचार करती दिखाई दी।